## स्पीड न्यूज

### जेबीकेएसएस की बैठक में पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता बनाने का लिया गया निर्णय



घाघरा। हाई स्कूल घाघरा के समीप जेबीकेएसएस की बैठक एससी-एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शालिंद्र उरांव की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में जेबीकेएसएस के केंद्रीय महासचिव दीपक महतो, केंद्रीय दक्षिणी छोटा नागपुर महामंत्री पंचम उरांव और शशि भूषण भगत शामिल हुए। बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता बनाने एवं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने हेतु जोर दिया गया। जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के घाघरा आगमन एवं विशाल जनसभा को सफलता पूर्वक करने हेतु चर्चा की गई। मौके पर भुवनेश्वर गोप, रघुनंदन गोप, पवन साहू, योगेंद्र भगत, श्याम साहू, दीवान भगत, प्रेम उरांव आदि उपस्थित थे।

### बिजली उपभोक्ताओं का होगा केवाईसी उर्जा मित्र घर-घर जाकर करेंगे कार्य

रायडीह। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तरफ से सभी विधुत उपभोक्ताओं का केवाईसी किया जा रहा है। यह केवाईसी उपभोक्ताओं के घर पर ही बिल निकालने के साथ – साथ ऊर्जा मित्र के द्वारा ही किया जा रहा है। केवाईसी का कार्य मोबाईल के माध्यम से बिजली विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसीलिए कोई मोबाइल पर फोन कर के बिजली विभाग के केवाईसीके लिए कुछ जानकारी लेना चाहता है तो वह जाली अथवा झूठा मानें। बिजली विभाग सिर्फ और सिर्फ उपोक्ताओं के परिसर अथवा घर पर ही ऊर्जा मित्र के द्वारा केवाईसी कराया जा रहा है। यह केवाईसी का कार्य तीन महीने तक चलाया जा रहा है। इस अवधि में सभी उपभोक्ता अपना केवाईसी करा लें। जिसके लिए मोबाइल नंबर जिस पर व्हाट्सएप हो। जिससे कि केवाईसी के उपरांत बिजली बिल व्हाट्सप्प पर भी उपलब्ध कराया जा सके। केवाईसी के लिए और मोबाइल पर कोई किसी प्रकार की सूचना की मांग करने पर नहीं दें।

### संदीप प्रसाद बने भाजयुमो गुमला जिलाध्यक्ष, भाजपाईयों ने दी बधाई



गुमला। गुमला सदर प्रखंड के डुमरडीह निवासी संदीप प्रसाद को भाजयुमो गुमला जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में पार्टी के द्वारा चिट्ठी जारी कर दिया गया है। संदीप प्रसाद ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे वह बखूबी निभाते हुए पार्टी को उंचाईयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। संदीप ने बताया कि पार्टी से लगातार जुडकर व जनसमस्याओं व लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। संदीप प्रसाद की राजनीतिक जीवन की शुरूआत छात्र नेता के रूप में हुई थी। वर्ष 2007 में छात्र संघ का चुनाव वे अभाविप की ओर से लडा था। वे अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भी रहे। कॉलेज से निकलने के बाद वे भाजयुमो से जुडें और पार्टी ने उन्हें भाजयुमो ग्रामीण मंडल का महामंत्री फिर जिला में मंत्री और उसके बाद जिला महामंत्री बनाये गये। अब पार्टी ने उनकी कार्य कुशलता को देखते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, पायल तिवारी, मिसिर कुजूर, अमन यादव, रविंद्र सिन्हा, निर्मल गोयल, सागर उरांव, किशोर मंत्री, दीपांकर साहू, अनमोल गुप्ता, बबलू वर्मा, विकास कुमार सिंह, कौशल साहू, सूरज कुमार साहू, दिलीप नाथ साहू ,बाल्केश्वर सिंह, अभिषेक चंद्र उरांव, प्रदीप प्रसाद सहित पूरा भाजपा परिवार ने बधाई दिया है।

### बाल्मीकि कुमार के भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनोनित होने पर दी बधाई



लोहरदगा। बाल्मिकी कुमार (पूर्व जिला महामंत्री, भाजयुमो) को भारतीय जनता युवा मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष पद मनोनीत होने पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ, युवा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्त्ता गणों ने अपनी ओर से शुभकामना और बधाई दी है। सभी लोगों ने शुभकामना देते हुए कहा है कि बाल्मीकि कुमार के जिला अध्यक्ष बनने पर युवा मोर्चा नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा और लोहरदगा की राजनीतीक ग्रन्थ में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ेगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को शुभकामना देने वालों में भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक सधनु भगत, पूर्व विधायक रमेश उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, अनुसुचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, बजरंग उरांव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, सरोज प्रजापति, विमलकांत सिंह, अजय पंकज, सुरेश बैठा, मीना बाखला, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, विश्वजीत शाहदेव, राजेश महतो, रामोतार वर्मन, त्रिवेणी दास, अशोक कुमार, संजय महतो, अनूप वर्मा, उमेश कास्यकार, सूरज दशौंधी, विवेक चौहान, अमरेश भारती, सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, मुकेश साहू, लखन उरांव, नवीन साहू, भरत किसान, संजय चौधरी, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, मिथुन तमेड़ा, लाल अविनाश शाहदेव, शंकर प्रजापति, कृष्णा मोदी, यदुनंदन व अन्य लोग शामिल है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा 11 को निकालेगा तिरंगा यात्रा

**भाजपा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी की जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के साथ बैठक जिला कार्यालय बक्सीदिप्पा में की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। बैठक में पिछले बैठक की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई। मनीर उरांव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 11 अगस्त को ललित नारायण स्टेडियम से युवा मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जो नगर का भ्रमण करते हुए कार्तिक उरांव के प्रतिमा तक जाएगी और माल्यार्पण करेगी। 13 अगस्त को भाजपा जिला महिला मोर्चा के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगी। 14 अगस्त को 1947 में हुए विभाजन की स्मृति में विभाजन की विभीषिका से संबंधित प्रदर्शनी का कार्यक्रम किया जाना है। वही 15 अगस्त के दिन अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में जिले के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिमा में माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक में मनीर उरांव ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर झारखंड का निर्माण हुआ आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार दिशा और दशा झारखंड की बदल रही है। जिसके चलते चारों ओर आराजकता और लूट मची है जिसको लेकर भाजपा हमेशा मुखर होकर विरोध की है। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष समेला भगत जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, बालकृष्ण सिंह, अनिल उरांव, मिथुन तमेड़ा, लक्ष्मी नारायण भगत, जितेंद्र महतो, अमित लोहारा, प्रकाश नायक, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, लखन उरांव, विवेक सोनी, सरस्वती देवी, जगन्नाथ राम, सुरेश लोहरा, पंकज भारती, पंकज साहू, विवेक प्रजापति, शंकर प्रजापति, अनूप वर्मा, नासिर आलम, दशरथ साहू, दिनेश साहू, यदुनंदन तिवारी, कृष्ण मोदी एवं रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# चैनपुर प्रखंड के 30 उद्यमियों को जलकृषि और आहार प्रबंधन पर दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षणार्थियों को मछली पालन के क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला द्वारा जलकृषि एवं आहार प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण 6 से 8 अगस्त तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड व प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड से कुल 30 उद्यमियों ने भाग लिया। जिसमें 20 महिलाएं व 10 पुरुष शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के मछली पालन, मछली पालन गतिविधियों में आहार का महत्त्व, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग कर फार्म पर आहार निर्माण करने का तरीका, विभिन्न प्रकार की आहार पद्धतियों एवं पिंजरे में मछली पालन में आहार प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के समापन में प्रशिक्षणार्थियों को मछली पालन के क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता डॉ ए के सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ प्रसान्त जना के दिशा-निर्देश में कराया गया। इस प्रशिक्षण की सफलता में सहायक प्राध्यापकों, डॉ श्वेता कुमारी, डॉ गुलशन कुमार, डॉ रोहितास यादव, डॉ के एस विसडम, डॉ तसोक लेया, डॉ ओम प्रवेश कुमार, डॉ मनमोहन कुमार, डॉ कस्तूरी चट्टोपाध्याय, डॉ स्टेंजिन गावा, विष्णुप्रिया, रेशमी सिंह व संजय नाथ पाठक का योगदान रहा।

# पीएमएफएमई योजना के लक्ष्य प्राप्ति हेतु विभागवार आवेदन करें सृजित : उपायुक्त



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) व जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति (डीएलआरसी) की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने बैंकवार हुए कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान पीएमएफएमई योजना के स्टेकहोल्डर कमेटी के साथ बैठक में उपायुक्त द्वारा पीएमएफएमई योजना के लक्ष्य प्राप्ति हेतु विभागवार आवेदन सृजन करने को कहा गया। साथ ही सभी बैंकों को पीएमएफएमई स्वीकृति भुगतान करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री खाद्य प्रस्कलण उधोग योजना की विशेष समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा जेएसएलपीएस के दीदी को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश जेएसएलपीएस डीपीएम को दिया गया। साथ ही सभी दीदी को भी प्रोत्साहित करने को कहा गया। उपायुक्त ने एसएचजी की महिला समूहों को भी सशक्त करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो स्वरोजगार कर रहें हैं साथ ही जेएसएलपीएस के दीदी द्वारा पॉल्टरी फॉर्म के लिए केसीसी का आवेदन बैंक को भेजा गया इस पर विशेष ध्यान देने को उपायुक्त द्वारा कहा गय। बैठक में एलडीएम गुमला, जीएम डीआईसी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक, लघु कुटीर, जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं बहाल की जायेगी : अंजनी कुमार मिश्रा

**आयुक्त ने कई बूथों का किया भौतिक सत्यापन**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव आगामी कुछ महीनों में होने वाले हैं. इसको लेकर सियासी दलों ने अपनी तैयारियों पर पूरा जोर लगा दिया है। दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों में तेजी नजर आ रही है। इसको लेकर लगातार जिलों का जायजा लिया जा रहा है। बुधवार को दक्षणी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कई बूथों का किया भौतिक सत्यापन झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशानिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर बुधवार को आयुक्त व कल्याण विभाग के उप निदेशक गौतम भगत ने भंडरा प्रखंड के लोहरदगा व विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। इसके साथ ही मतदान के दौरान वहां बहाल की जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही कर्मियों से बैठक कर चुनाव की तैयारी का जायजा लिया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रखंड के आला अधिकारियों के साथ कमिश्नर अंजनी कुमार मिश्रा ने प्रखंड कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही वहां मौजूद पदाधिकारियों के साथ बातचीत की। इन बूथों का निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं के अलावा अन्य सुविधाए बहाल की जाएंगी और जहां कमी है उसे दूर करने का निर्देश भी दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान भंडरा कस्तूरवा विद्यालय का भी निरीक्षण कर छात्रों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार के अलावा कई अधिकारी मौजूद रहे।

**प्रमंडलीय आयुक्त पहुंचे लोहरदगा**

बुधवार को आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र लोहरदगा पहुंचे। उन्होंने परिसदन में लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत सभी रिर्टनिंग अफसर/ ईआरओ/ एइआरओ एवं अन्य के साथ मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 की समीक्षा की।

### बारिश से जिले में धनरोपनी का लक्ष्य हो रहा है पूरा

**गुमला।** लगातार हो रहे जिले में बारिश से धान रोपनी का लक्ष्य पूरा होता नजर आ रहा है। किसान खेतों में जमकर पसीना बहा रहे हैं। धनरोपनी के कार्य में महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। वहीं लागातार हो रहे बारिश से जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है। शहर के अधिकांश सड़क कीचडमय हो गये हैं। सबसे अधिक कठिनाई कच्ची सड़कों पर चलने वाले लोगों को हो रही है। बारिश के कारण कच्ची सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। कीचड़ के कारण पैदल चलना भी कठिन हो गया है। वहीं सड़कों पर बने गड्ढे में हुआ जल जमाव दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। जल जमाव होने से सड़कों पर गड्ढे का पता नहीं चल पा रहा है और वाहन चालक गडढ़े में वाहन का पहिया घूसते ही अपना नियंत्रण वाहनों से खोकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

# टैंसेरा मोड़ पर लगेगी शहीद संतोष गोप की प्रतिमा

**गुमला के वीर शहीदों के नाम पर शहीद स्मारक स्थल का निर्माण हो : भूषण भगत**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के टैंसेरा मोड में शहीद संतोष गोप की प्रतिमा स्थापित करने हेतु ग्राम विकास समिति टैंसेरा और अहीर सेना झारखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को भूमि पूजन किया गया। ज्ञात हो कि 12 अक्टूबर 2019 को रामपुर सेक्टर के बारामूला जिला में पाकिस्तानी सेना के सीजफायर में सेना के सिग्नल मैन संतोष गोप शहीद हो गये थे। उनकी शहादत की याद में टैंसेरा मोड़ पालकोट रोड गुमला में उनका प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया गया। गांव के पहान जीतू उरांव एवं शहीद के माता पिता के अगवाई में ग्राम देवता का पूजा किया गया। इस दौरान शहीद के माता पिता एवं उपस्थित सभी की आंखें नम थी। अहीर सेना गुमला के अध्यक्ष राम लखन गोप ने कहा कि शहीद के शहादत को हम बेकार नहीं जाने देंगे। सरंक्षक लोहर मैन गोप ने शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए देशभक्ति गीत गया। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि हम शहीदों के लिए एक स्थान पर ही शहीद स्थल बनाएंगे यही हमारे वीरों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शम्मी जी के द्वारा कहा गया कि यह शहीद स्थल किसी जाति विशेष की नहीं है बल्कि देश की सेवा में अपने प्राण निछावर करने वाले शहीद की है। संतोष झा ने कहा कि ऐसे वीर शहीद को जन्म देने के लिए उनके माता-पिता को शत-शत नमन। लाल साहू के द्वारा सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में मोहर गोप, विष्णु मिश्रा बसंत गोप, दुर्गा गोप, राजू गोप अजय गोप विमल गोप मथुरा बड़ाईक, आनंद गोप, संतोष गोप अमन गोप राजेंद्र साहू सुमन साहू मदन साहू यदुनंदन प्रसाद नंदलाल साहू अक्षय साहू जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, रविन्द्र गोप, विनय गोप रामलखन गोप जनक गोप व अन्य गणमान्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### भंडरा के वकील अम्बवा मे बारिश से गिरा गरीब का आशियाना, मदद की लगाई गुहार



भंडरा। प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश से भंडरा पंचायत के वकील अम्बवा गांव में मजदूर का कच्चा मकान ढह गया। हालांकि हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। बीती रात से ही प्रखंड क्षेत्र में रुक रुक कर बारिश हो रही था। जिससे एक गरीब का आशियाना ढह गया। वकील अम्बवा गांव निवासी राजकुमार उरांव मेहनत मजदूरी कर कच्चे मकान में रहकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश के चलते मिट्टी से बनी मकान की छत कमजोर हो गई, जिस कारण उसमें दरार आ गयी थी। रहने का कोई और ठिकाना न होने के कारण परिवार उसी मकान में ही रहने को मजबूर था। बीती रात्रि में मकान की छत भरभरा कर नीचे गिर गई। समय रहते राजकुमार उरांव का परिवार मकान से बाहर निकल गया, जिसके चलते परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। पीड़ित ने स्वजन की मदद से मलबे में दबे सामान को निकालने का प्रयास किया। लेकिन सामान नष्ट हो चुका था। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। मुखिया इंदरदेव उरांव ने बताया कि पीड़ित राजकुमार उरांव के कच्चे मकान गिरने की सूचना अंचल कार्यालय को देकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं तथा मंदिरों में हो रहे हमले निंदनीय : ओम प्रकाश सिंह



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं, तथा मंदिरों में हो रहे हमले पर चिंता प्रकट करते हुए भारत सरकार से अविलंब कडे निर्णय लेने का आग्रह किया है, उन्होंने कहा है कि कट्टरपंथी, उन्मादि,उपद्रवीयों ने जिस तरह का तांडव वहां किया है ,उसे वहां कुछ माह पहले ही लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार को अपदस्थ कर प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना को पद त्याग कर पलायन करने को मजबूर होना पड़ा, प्रधानमंत्री के आवास को जिस तरह उन्मादियों ने कब्जा कर नंगा नाच किया उनके अंग वस्त्रो का जिस तरह भोंडा प्रदर्शन किया, वह किसी भी सभ्य नागरिक को शर्मिंदा कर सकता है। भाजपा नेता ने कहा कि इस्लामीक देशों में जिस तरह लोकतंत्र को समाप्त किया जा रहा है और धार्मिक कट्टरता को प्रश्रय दिया जा रहा है यह संपूर्ण विश्व के लिए खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रहा है।

# भंडरा से कावरियों का जत्था देवघर रवाना



**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** कांवरीयो का जत्था बुधवार को देवघर रवाना हुआ। अखिलेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर में दर्शन कर, रवाना हुए। कांवरीयो का जत्था सबसे पहले सुल्तानगंज जाएंगे जहाँ से कांवर मे जल भरकर पैदल देवघर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण करेंगे। इस जत्थे में शामिल भंडरा निवासी अनुज गुप्ता ने बताया कि वे लगातार 14 वर्षों से बाबाधाम देवघर जा रहे हैं, 108 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। सर्वप्रथम सुल्तानगंज पहुंच कर, गंगा नदी से जल लेकर, पैदल बाबाधाम देवघर तक कांवर यात्रा कर देवघर पहुंचते हैं सुल्तानगंज से देवघर पहुंचने में उन्हें लगभग तीन दिन लगते हैं। रास्ते में आने वाली कठिनाइयों को बाबा भोलेनाथ स्वयं हर लेते हैं बाबा धाम में जल अर्पण करने के बाद, वहाँ से बाबा बासुकीनाथ में जल अर्पण करते है। वहाँ पूजा अर्चना कर, सभी मन्दिर दर्शन कर, क्षेत्र भ्रमण करते हैं। बाबा के धाम जाने से अद्भुत आनंद की प्राप्ति होती है. बाबा की भक्ति से जीवन में बहार आ गयी है। बाबा की कृपा से ही उन्हें लगातार जल अर्पण करने का सौभाग्य मिल रहा है।

### भाजपा जिला कमिटि का जिलाध्यक्ष ने किया विस्तार, प्रखंड अध्यक्षों के नामों की हुई घोषणा


गुमला। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर बुधवार को जिलाअध्यक्ष शिव प्रसाद साहु ने भाजपा जिला कमिटि का विस्तार करते हुए जिला कमेटी व प्रखंड कमेटी के सदस्यों के नामों की घोषणा की है। जिसमें सत्यनारायण पटेल, अवधेश प्रताप शाहदेव, किरण माला बाड़ा, रविंद्र कुमार सिन्हा, सुरेश सिंह, जगेश्वर सिंह को संयुक्त रूप से जिला उपाध्यक्ष, यशवंत कुमार सिंह व रामवतार भगत को जिला महामंत्री, गौरी किंडो, संजय साहु, विजय कुमार सिंह, शिवदयाल गोप, दिलीप बड़ाईक, रीमा देवी को संयुक्त रूप से जिला मंत्री, निर्मल गोयल को कोषाध्यक्ष, किशोर मिश्रा को जिला कार्यालय मंत्री, बिपिन सिंह को जिला कार्यालय सह मंत्री, अरविंद मिश्रा को मीडिया प्रभारी, बालकेश्वर सिंह को मीडिया सह प्रभारी, उज्जवल मिश्रा को आईटी सेल संयोजक, सुषमा गुप्ता को आईटी सेल सह संयोजक, गुड्डी नंदा को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, पुष्पा देवी को सोशल मीडिया सह प्रभारी बनाया गया। वहीं बबलू वर्मा को गुमला नगर अध्यक्ष, प्रकाश नारायण सिंह को पालकोट प्रखंड अध्यक्ष, बड़ाईक नवीन सिंह को बसिया प्रखंड अध्यक्ष, नरेश सिंह को कामडारा प्रखंड अध्यक्ष, सनोज वर्मा को टोटो मंडल अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण यादव को सिसई प्रखंड अध्यक्ष, सुमित कुमार महली को पुसो मंडल अध्यक्ष, शंकर शाही को भरनो मंडल अध्यक्ष, पप्पु गुप्ता को आदर मंडल अध्यक्ष, किशोर जायसवाल को घाघरा मंडल अध्यक्ष, शत्रुघन मार को डुमरी प्रखंड अध्यक्ष, बुधराम नायक को चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष, करमपाल सिंह को रायडीह प्रखंड अध्यक्ष, विकास सिंह को गुमला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, जगत ठाकुर को विशुनपुर प्रखंड अध्यक्ष, संतोष देवघरिया को मुरकुंडा मंडल अध्यक्ष व कामेश्वर साय को जारी प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। सभी चयनित सदस्यों को भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने बधाई दी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# असहनीय दर्द व पीड़ा से जूझ रहा नितेश, जीवन से हुआ निराश

**सड़क हादसे के बाद उसके शरीर में रहता है भयंकर दर्द, मौत की कर रहा है कामना**

स्थिर नहीं रहने के कारण उसका इलाज कराना भी असंभव हुआ, नहीं मिल रहा है किसी का साथ




**खबर मंत्र संवाददाता**

**घाघरा।** धरती पर मानव जीवन चुनौतियों व विडंबनाओं से भरा हुआ है। पग-पग में जीवन को खतरा है। ऐसी स्थिति में अगर दुर्घटना के बाद शरीर में हमेशा असहनीय दर्द व पीड़ा उत्पन्न होतो सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि जीवन कितना कष्टदायी होगा। ऐसा ही एक मामला घाघरा प्रखंड का है। घाघरा प्रखंड निवासी 22 वर्षीय नितेश उरांव शरीर में असहनीय दर्द व पीड़ा के बीच जीवन यापन कर रहा है। जिसका पीड़ा का इलाज शायद संभव भी हो लेकिन गरीब व आर्थिक तंगी ने भी उसका जीवन बदहाल कर दिया है। उसकी यह पीड़ा देखकर हृदय पिघल जाता है और आंखें नम हो जाती है। नितेश मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर किसी काम से पहुंचा था। जिसे देखकर पहले तो लोग उसे पागल समझ बैठे पर वह परिसर में स्थित एक चाय के ठेले पर आया और कहने लगा मुझे रोटी दो बहुत जोर से भूख लगी है। तब जाकर लोगों ने पूछा तो नितेश ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि एक सेकंड भी वह स्थिर अपने शरीर को नही रख सकता है। हमेशा उसका शरीर में दर्द रहता है। जिससे वह अपने शरीर को मरोड़ते रहता है। इस दौरान नितेश से पूछा गया तो उसने बताया कि यह स्थिति पिछले एक साल से है। उसने महीना गिनते हुए बताया कि एक साल 9 महीना पूर्व उसका एक्सीडेंट हुआ था। पेशे से वह ऑटो चालक था। लोहरदगा से घाघरा आने के दौरान कंडरा पुल के समीप दुर्घटना घटी। जिससे उसके शरीर के किसी हिस्से में चोट लगी है। तब से वह अपंग की स्थिति में है। नितेश ने कहा कि रात में भी उसे 1 से 2 घंटा नींद आ गई तो बहुत बड़ी बात है दर्द से मुझे बिलकुल चैन नहीं मिलता है। लोगों ने बताया कि दुर्घटना के बाद उसका इलाज भी कराया गया था पर इलाज अच्छा से नहीं हो पाया। ठेले में आकर जब उसने रोटी मांगी तो ठेला में मौजूद महिला ने उसे रोटी बना कर दिया। बात करने से नितेश पूरे साफ-साफ बात किया। उसने कहा मुझे जीने का बिल्कुल मन नहीं कर रहा है दिन भर दर्द से पूरा शरीर मरोड़ते रहता है। इलाज कराने के लिए मुझे कोई नहीं ले जा रहा है। कोई गाड़ी में मुझे बैठता भी नहीं है क्योंकि मैं स्थिर नहीं रह पाता हूं तो मैं कैसे इलाज कराने के लिए कहीं जाऊं। मेरा मौत भी नहीं आ रहा यदि मेरा मौत आ जाता है तो मुझे इस पीड़ा से मुक्ति मिल जाती। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी अरविंद कुशल एक्का से पूछने पर उन्होंने कहा कोई साथ में जाने के लिए तैयार हो जाये तो रिम्स भेज कर इलाज कराया जायेगा।

# सतत प्रयास से परिणाम जरूर अच्छा प्राप्त होगा : शशिधर लाल अग्रवाल

**संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न**

**शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चापी, सेन्हा, कैरो, कुडू,के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, विमलेश तिवारी, प्रमोद कुमार, रूपेश कुमार उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय बिपिन कुमार दास ने कराया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता की भूमिका राजीव कुमार सिंह ने दिया। इस प्रतियोगिता में 206 प्रतिभागी भैया/बहन उपस्थित हुए। प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का विषय संस्कृत, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक अंग्रेजी, संस्कृत बोध, पत्र वाचन, आशु भाषण में विभाजित थे। सभी विषय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया/बहन विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय के अध्यक्ष शशिधर लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सतत प्रयास से परिणाम जरूर अच्छा प्राप्त होगा इसलिए सभी भैया बहन सतत प्रयास करते रहे। अखिलेश कुमार ने कहा कि सभी प्रतिभागी भैया/बहन हारते नहीं सीखते हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता से भैया/बहनों के अंदर प्रतिभा का विकास होता है। मंच संचालन मंजू देवी ने किया। पुरस्कार वितरण में प्रमेंद्र कुमार सिंह ने सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर कुमार ने किया।

स्पीड न्यूज

## पश्चिम चंपारण में गला रेतकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में एक महिला की गला रेतकर की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि मझरिया शेख पंचायत के वार्ड नंबर 5 में मंगलवार की देर रामराज मुखिया की पत्नी आशा देवी की गला रेतकर की हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी आशा देवी के भैसुर धर्मराज मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है।

## मवेशी व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, डेढ़ लाख रुपए की लूट

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बुधवार की सुबह एक मवेशी की गोली मारकर हत्या कर दी तथा डेढ़ लाख रुपए लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के पलासी थाना क्षेत्र के बरबन्ना गांव निवासी मवेशी व्यवसायी बाबू अख्तर (40) अपने पिता मोहम्मद सुलेमान के साथ मैजिक वाहन से मवेशी खरीदने मधेपुरा जिले के सिंघेश्वर जा रहा था। इसी दौरान रानीगंज-अररिया मार्ग पर रामपुर नहर के समीप बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने मैजिक वाहन को रोक लिया और लूटपाट की कोशिश की। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने बाबू अख्तर को गोली मारकर घायल कर दिया और मैजिक वाहन में रखे डेढ़ लाख रुपये लूटकर फरार हो गए।

## मारपीट की घटना में घायल महिला की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में 26 जुलाई को मारपीट की घटना में घायल एक महिला की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि बाड़ोपुर गांव निवासी श्यामू राम की पत्नी नयनपति देवी (52) को उसके पड़ोसी विवेक कुमार और उसके परिजनों ने मामूली विवाद में मारपीट करने के साथ ही चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा के चिकित्सक ने पटना भेज दिया था। पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## राजीव रंजन के श्राद्धकर्म में शामिल हुए नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्व विधायक एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता स्व. राजीव रंजन के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। श्री कुमार ने बुधवार को एकंगरसराय कोल्ड स्टोरेज में आयोजित श्राद्धकर्म में स्व. राजीव रंजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

## दहेज प्रताड़ना मामले में दोषी को साढ़े चार वर्षों की सुनायी सजा

**किशनगंज।** दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या के एक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय मनीष कुमार की अदालत ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाया। मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत ने सत्र वाद संख्या 66/20 पोठिया थाना कांड संख्या 77/20 में पोठिया शेखपुरा निवासी आरोपी अब्दुस सलाम को साढ़े चार वर्षों के सश्रम कारावास की सजा सुनायी। वही अदालत ने 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी। अदालत में अपर लोक अभियोजक प्रणव साहा ने सजा की बिंदु पर जोरदार दलीलें पेश की। मामले में इशरत जहां का विवाह अब्दुस सलाम से हुआ था। इशरत जहां के ससुराल वाले बेटी इशरत जहां को दान दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। घटना के दिन 19 अप्रैल 2020 को मृतका के मायके वाले जब बेटी के ससुराल पहुंचे तब बेटी इशरत जहां का शव ससुराल में फांसी पर लटका मिला था। इसके बाद पोठिया थाने में आरोपी पति व अन्य के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला दर्ज करवाया गया था। मामला न्यायालय में चल रहा था। अपर लोक अभियोजक प्रणव साहा ने बताया कि प्रस्तुत साक्ष्य व चिकित्सक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय द्वारा दोषी करार दिया।

# एसीबी की टीम ने प्रधानाध्यापिका को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

▸▸ 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्यकीय कृत +2 उच्च विद्यालय कांडी की प्रधानाध्यापिका विधानी बाखला को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम पलामू ने बुधवार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय कार्यालय पलामू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि वादी के द्वारा आवेदन दिया गया है कि राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में वर्ष 2019 से भोकेशनल के शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। ए मास वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड जो एक एनजीओ है उसके माध्यम से कार्य करते हैं। जो कांडी के प्रभारी प्रधानाध्यापिका इसे प्रत्येक वर्ष 20 हजार घुस के तौर पर मांगती हैं। इनका मासिक मानदेय 20 हजार रुपए मात्र है। प्रत्येक वर्ष 20 हजार रुपए नहीं देने पर हटाने की बात करती हैं तथा मासिक उपस्थिति पर हस्ताक्षर नहीं करती हैं जबकि वादी पैसा नहीं देना चाहते हैं। उक्त आवेदक के संबंध में भ्रष्टाचार निरोध हॉट वीरो पलामू में प्रतिनियुक्ति पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया। वादी के आवेदन एवं सत्यापन करता के द्वारा मामले को सत्य पाते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू थाना कांड संख्या 7/2024 दिनांक 6 अगस्त 2024 के तहत सुसंगत धारा पंजीकृत किया गया है। वही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के धावा दल के द्वारा डंडा अधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में बुधवार 7 अगस्त को प्राथमिकी अभियुक्त विधानी बाखला उम्र लगभग 37 वर्ष पति अमृत करकेटा ग्राम बैरिया, पोस्ट थाना रमकंडा जिला गढ़वा संप्रति प्रभारी प्रधानाध्यापिका राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी को वादी से 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मिली प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार वादी धर्मेंद्र कुमार के द्वारा रिश्वत के रुप में बीस हजार रूपए मांग किया जा रहा था। वहीं प्रधानाध्यापिका को गिरफ्तार होते ही विद्यालय में भय का माहौल बना हुआ है।


गिरफ्तार प्रधानाध्यापिका।

## एसी एसटी एक्ट एवं डकैती के छह आरोपियों ने किया सरेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के हरिजन एक्ट एवं डकैती में शामिल छह आरोपी द्वारा कोर्ट में सरेंडर करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट कांड संख्या 92/2020 के सभी आरोपी हैं। जिसमें चार साल से फरार चल रहे आरोपी कमलेश यादव पिता हितन यादव, सुनील यादव पिता स्व बच्चू यादव, मुमताज अंसारी पिता शहाबुदीन अंसारी, रामखेलावन साव पिता परमेश्वर साव, भोला यादव, उमेश यादव दोनों पिता भरत यादव सभी ग्राम पंचायत टड़हे के निवासी बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार 2020 में प्राथमिक दर्ज होने के बाद सभी आरोपी फरार चल रहे थे। वहीं कोर्ट के दबाव में आकर सभी आरोपी दिन बुधवार को गढ़वा डीजे 1 कोर्ट में सरेंडर किया है। जानकारी देते हुए टड़हे गांव निवासी नारद पासवान की पत्नी सरिता देवी ने बताई की सभी लोगों ने घर में घुसकर अभद्र भाषा एवं गाली गलौज, छेड़खानी करते हुए, चैन लूटपाट किया था। जिसको लेकर कोर्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव में अपहरण कर लाई गई एक नाबालिग दलित 16 वर्षीय लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के बयान पर मझिआंव पुलिस ने चंद्रपुरा गांव निवासी जाहिद आलम के लगभग 20 वर्षीय पुत्र सैफ अली खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही लड़की का 164 का बयान दर्ज कर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने इस मामले को थाना कांड संख्या 77/24 दिनांक 6 अगस्त 2024, धारा 65(1), 64(2),(ड) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं पोक्सो एक्ट 4/6, एसटी/एससी एक्ट 3(2), (5) दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दिया है। जानकारी के अनुसार दलित नाबालिग लड़की थाना क्षेत्र की ही रहने वाली है। लड़की के पिता किसी दूसरे राज्य में मजदूरी करते है। लड़की काफी समय से अपने मौसी के घर पर रह रही थी। इसी दौरान सैफ अली खान ने उसका अपहरण कर दुष्कर्म किया। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती बात बताई। इसके बाद पीड़िता द्वारा प्राथमिकी दर्ज हेतु थाना में आवेदन दिया गया। आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन जांच प्रक्रिया में जुट गई और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया है। पीड़िता के आवेदन और ब्यान के आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।


गिरफ्तार सैफ अली खान।

## डीसी ने की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में केंद्र प्रायोजित योजना (फॉरमेशन एंड प्रमोशन ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशंस) के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति (डीएमसी) की चैथी बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में की गई। उक्त बैठक में योजना के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए दिशा निर्देश से सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही एफपीओ द्वारा व्यवसाय के लिए विभिन्न लाइसेंस प्राप्ति की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने का किया गया। इस दौरान जिले में गठित एफपीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं एफपीओ संवर्धन हेतु अलग-अलग विभागों, हितधारकों की भूमिका पर तथा अन्य संबंधित विषय वस्तुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डीसी ने सभी एफपीओ से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं हीतधारकों की भूमिका पर चर्चा करते हुए समीक्षा की। अपेक्षाकृत धीमी गति से कार्यों का संचालन करने पर डीसी ने नाराजगी व्यक्त की एवं सभी एफपीओ के कार्यों की समीक्षा करते हुए अगले बार से प्रतिवेदन को उच्च स्तर पर भेजने की बात कही। साथ ही प्रत्येक माह बैठक का आयोजन करने की बात कही। ताकि कार्यों के संचालन में तेजी लाया जा सके एवं आम किसानों को इसका फायदा सीधे तौर पर मिल सके। उन्होंने सभी एफपीओ को कृषि कार्यों में संलग्न कृषकों को योजना से जोड़ते हुए उनके उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का निर्देश दिया तथा खाद, बीज आदि की उपलब्धता ससमय करने का निर्देश दिया गया। अगले एक माह के अंदर सभी संबंधित एफपीओ को योजनाओं के संचालन के लिए दिए गए सभी पैरामीटर को पूर्ण करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीडीएम नाबार्ड दीपक पासवान, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला अग्रणी बैंक,

## बिजली का करंट लगने से बच्चे की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि बेदवलिया गांव निवासी सरोज गुप्ता का पुत्र सन्नी कुमार (05) अपने घर के समीप खेलने के दौरान विधुत पोल के अर्थिंग से सट गया, जिसके कारण वह अचेत होकर गिर गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सन्नी को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वृद्ध विधवा पेंशनधारियों ने लगायी पेंशन भुगतान करने की गुहार


बीडीओ से बात करती वृद्ध विधवा पेंशनधारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली उत्तरी पंचायत के आधा दर्जन वृद्धा विधवा महिला ने मंगलवार को बीडीओ के चेंबर में पहुंच कर विगत चार माह से पेंशन से वंचित पेंशनधारियों ने भुगतान की गुहार लगायी। प्रखंड मुख्यालय पहुंचे पेंशनधारियों में फुलझरिया कुंवार, लीलावती कुंवार, कुंती कुंवार, अकेला देवी, पनवा देवी, मरछी देवी सहित अन्य महिला ने बीडीओ नंदजी राम से शिकायत करते हुए कहा कि बीते चार महीने बाद भी आज तक पेंशन का भुगतान नहीं हुआ। जबकि पेंशनधारियों ने ये भी शिकायत की कि कई पेंशनधारियों का भुगतान अब तक कई बार हो चुका है, लेकिन कई पेंशनधारियों अभी तक पेंशन का कोई रुपया खाते में नहीं आया है। अरसली उत्तरी पंचायत के आधा दर्जन लाभुक पेंशन के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं। बीडीओ नंदजी राम ने वृद्ध महिलाओं को कहा कि बहुत जल्द पेंशन डलवाने की कोशिश करेंगे। मौके पर अरसली उत्तरी पंचायत के उप मुखिया पति दयानंद प्रजापति, विजय गुप्ता, ब्रजेश कुमार, पपु कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय शतरंज में भाग लेने रोहन आगरा रवाना

**किशनगंज।** आगामी 09 अगस्त से महाराजा अग्रसेन भवन, लोहार मंडी, आगरा में श्री धनपत राय सचदेवा मेमोरियल बिलो 1800 फिडे रेटेड चेस टूनामेंट प्रारंभ है, जिसका समापन 11 अगस्त को होगा। इसमें नेपाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना सहित अपने देश के विभिन्न प्रांतो से कुल 150 खिलाड़ीगण आपस में प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगे। इसमें अपने जिले के जिला चैंपियन खिलाड़ी रोहन कुमार को शामिल करने हेतु बुधवार को संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल मित्तल ने अपने गंतव्य की ओर रवाना किया। उपरोक्त जानकारी संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा चेस क्रॉप्स के सीईओ व खिलाड़ी के कोच कमल कर्मकार ने दी। इस अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करने हेतु जिला शतरंज संघ परिवार के मनीष कासलीवाल, श्रवण कुमार सिंघल, मुनव्वर रिजवी, रिंकी झा, बासुकी नाथ गुप्ता, निशान सिंह, सहित अन्य दर्जन लोगों ने शुभकामनाएं दी।

## 56 प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण


प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला नियोजनालय गढ़वा के तत्वावधान में एससीए योजना अंतर्गत डीसी शेखर जमुआर के निदेर्शानुसार गढ़वा जिले में इच्छुक युवकों-युवतियों को स्व-रोजगार उन्नयन के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया था। निविदा के माध्यम से चयनित एजेंसी सोमेश्वर नाथ महादेव ट्रस्ट की ओर से उक्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। प्रशिक्षण कार्य के समाप्ति के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें 56 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को डीसी एवं डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा के हाथों समाहरणालय के सभाकक्ष में प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। काजू कुमार, पुष्पा कुमारी, सुधा कुमारी, लाली कुमारी, काजल कुमारी, हर्ष कुमार आदि अभ्यर्थियों को डीसी ने प्रमाण-पत्र दिया। इस दौरान डीसी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए रोजगार एवं स्व-रोजगार से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला नियोजन सह कौशल पदाधिकारी नीरज कुमार, वाईपी हिमांशु सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# लायंस ग्रीन ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

▸▸ अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते चिकित्सक।

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में शहर के चिनियां रोड स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के बीच दवाइयां का भी वितरण किया गया। परमेश्वरी मेडिकल सेंटर की ओर से आयरन, कैल्शियम की दवाइयां वितरित की गई। साथ ही मरीजों के बीच निःशुल्क प्रोटीन पाउडर का भी वितरण किया गया। अस्पताल की ओर से महिला मरीजों के छोटे बच्चों को वस्त्र भी दिया गया। मौके पर डॉ नीतू सिंह व क्लब के स्वास्थ्य चेयरपर्सन डॉ निशांत सिंह ने महिलाओं को स्तनपान से होने वाले फायदे व बच्चों और महिलाओं को इससे क्या-क्या फायदे होते हैं इसके बारे में बताया। डॉ नीतू ने कहा कि महिलाओं को बच्चों के जन्म के बाद जो पहला पीला दूध आता है वह जरूर पिलाना चाहिए, क्योंकि इसमें बच्चों को आगे आने वाले रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान होती है तथा उनकी पाचन शक्ति अच्छी होती है। ऐसे बहुत सारे पोषक तत्व हैं जो हम छोटे बच्चों को बाहरी तौर पर नहीं दे सकते हैं, लेकिन वह मां के दूध से छह महीने तक बहुत अच्छे तरीके से बच्चे को मिल सकता है। डॉ निशांत ने कहा कि स्तनपान कराने से सिर्फ बच्चों को ही फायदा नहीं होता बल्कि महिलाऐं भी कई रोगों से बच सकती है। स्तनपान कराने से वह सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर व जोड़ों के दर्द आदि बीमारियों से बच सकती हैं। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष उमाकांत पांडेय, क्लब की महिला स्वास्थ्य चेयरपर्सन इंदु अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल आदि ने भी स्वास्य संबंधी जानकारी दी। मौके पर लायंस क्लब रीजन फॉर के रीजन चेयरपर्सन उमेश अग्रवाल, क्लब के सचिव नीरज कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष विजय सोनी, सुजाता अग्रवाल, कुसुम पांडेय, विनीता आनंद, शोभा कश्यप आदि उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## गढ़वा की फिजा में छाया रहा सुंदरकांड मानस पाठ का दिव्य और अलौकिक प्रकाश


मानस पाठ करते विद्वतजन।

**गढ़वा।** आध्यात्मिक शक्ति ही किसी भी श्रेष्ठ कार्य का आधार माना जाता है। प्राणियों में आध्यात्मिक गुणों के प्रसार को ही कलियुग के दुष्कर्मों से निजात का सशक्त माध्यम माना गया है लेकिन कलियुग इस प्रभावकारी कार्य को पूरा करने में बड़ा रोड़ा उत्पन्न करता है। इस बाधा को दूर कर जन-जन में अध्यात्म का न सिर्फ बीजारोपण करने बल्कि उसके जरिए रामराज्य की स्थापना को साकार करने का महान कार्य गढ़वा में स्थापित सुंदरकांड मानस मंडली कर रही है। इसके तहत प्रत्येक मंगलवार को मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सनातनी भाई बंधुओं के घरों में अनवरत संगीतमय सुंदर का वाचन किया जाता है। हिंदू वांग्मय के अनुसार सुंदरकाण्ड का पाठ जहां होता है। वहां आध्यात्मिक शक्तियां सक्रिय हो जाती है और वहां सभी तरह की दुष्ट प्रवृतियों और नकारात्मक ऊर्जा का नाश हो जाता है। बताया जाता है कि सुंदरकांड की गूंज से पूर्व जन्म में और पूर्वजों द्वारा हुई भूल और चूक की नाकारात्मता भी वर्तमान में पॉजिटिव ऊर्जा का रूप धारण कर लेती है और जीवन की सभी तरह की बाधाओं को दूर कर देती है चाहे वह जीव हो या भगवान। गढ़वा की मानस मंडली ने 30 जुलाई को श्री अयोध्या धाम में श्री रामल्ला जी के सम्मुख 500 वां और 6 अगस्त को गढ़वा के श्री रामल्ला जी के सम्मुख 501 वां सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस सुंदर, सौम्य और भव्य आयोजन में चार चांद तब लग गया जब इंद्रदेव भी सुंदरकांड के संगीत की धुन से थिरक उठे। मुख्य मानस व्यास अरुण दुबे की जिह्वा पर मां सरस्वती का साक्षात वास दृष्टिगोचर हो रहा था। उनके एक-एक शब्द से मानो ईश्वर का साक्षात्कार हो रहा था। सुंदरकांड पाठ की गहराई में पूर्णतः डूबे वहां उपस्थित सभी लोग भक्ति में ऐसा सराबोर हुए की उन्हें पाठ सम्पन्न होने का भी भान नहीं हो सका। पाठ के प्रारंभ और समापन के मौके पर भगवान की आरती की गई। प्रसाद और महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य मानस व्यास अरुण दुबे, मानस मंडली संयोजक द्वारिका नाथ पांडेय, अशोक पटवा, ब्रजेश पांडेय, आत्मा पांडेय, अमरेंद्र मिश्र, श्रवण शुक्ल, बनारसी पांडेय, रासबिहारी तिवारी, सुबोध सोनी, शेखर सिन्हा, अरविंद तिवारी, रमन केशरी, हर्ष अग्रवाल, मुकेश पांडेय, अशोक सिंह, रघुपत सिंह, मार्कंडेय तिवारी, चंद्रशेखर दुबे सहित डालटनगंज से कई मानस विभूतिगण और महिला मंडली की सदस्या उपस्थित थीं। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, मनोज केशरी, सचिव धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय गोंड उर्फ डबल जी, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, किशोर सिंह, राजीव रंजन अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, मनोज कुमार, अमित पाठक, राजन कुमार, शंकर माली सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## नवादा में सीबीआई टीम पर हमले का एक और आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवादा।** जिले की रजौली थाना पुलिस ने बुधवार को सीबीआई टीम पर हमले के एक और आरोपित कसियाडीह गांव निवासी रामोतार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों यूजीसी नेट के पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम नवादा जिले के रजौली कसियाडीह गांव पहुंची थी, जहां सीबीआई के अधिकारियों को फर्जी बताते हुए ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। इस दौरान चालक समेत अन्य लोग जख्मी हो गए थे। इस घटना के बाद सीबीआई ने रजौली थाना में 8 नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस एक युवती समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सीबीआई और पुलिस टीम पर हुए हमले एवं मारपीट को लेकर पुलिस सघनता से अनुसंधान में जुटी है। जल्द ही अन्य नामजदों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिहार विधानसभा चुनाव में हर कीमत पर बनेगी एनडीए सरकार -डॉ पूनम



**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री व नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ पूनम शर्मा ने कहा है कि 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में हर कीमत पर भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। इसके लिए एक-एक कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार के उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य की एनडीए सरकार ने देश व राज्य का कायाकल्प कर दिया है इस कारण दूसरे दल के लोगों का खाता तक खुलने बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मोदी सरकार के साथही बिहार सरकार के उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचाएं। ताकि हमारे सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का अहसास उन्हें हो सके। डॉ पूनम शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एक-एक व्यक्ति से संपर्क कर 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत से विजय बनाएगी। उन्होंने कहा कि महिला जत्था को काफी मजबूत बना लिया गया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि आज देश को काफी ऊंचाइयां मिली। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा किए गए बेहतर कार्यों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर हमारा एक-एक कार्यकर्ता तैयार है। जो जन-जन के संपर्क अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कमेटी गठित कर दी गई है। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है।

## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को सौपा मांग पत्र



**किशनगंज।** किशनगंज सांसद डॉ मो. जावेद आजाद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में राजमार्ग और एक्सप्रेस वे निर्माण, राजमार्गों की मरम्मती और राजमार्गों पर दुर्घटनाओं से सुरक्षाओं के प्रबंधन पर आवश्यक करवाई की मांग की है। उन्होंने पटना पूर्णिया एक्सप्रेस वे का सिलिगुड़ी तक किशनगंज होते हुए एक्सटेंशन, किशनगंज बहादुरगंज फोर लेन प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की शीघ्र आरंभ, एन एच-327 पर पड़ने वाली सभी भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र और चौक चौराहों पर सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं से बचाने वाली प्रबंधन, किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र में एन एच 327 के सर्विस रोड की चौड़ीकरण इत्यादि मांगों पर सांसद डॉ जावेद ने नितिन गडकरी से उचित कार्रवाई पर मांग पत्र सौंपे।

## नीतीश ने नवादा जिले में वज्रपात से छह लोगों की मौत पर जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवादा जिला में वज्रपात से छह लोगों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने बुधवार को यहां कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने वज्रपात से घायल व्यक्ति के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

